# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान,बीकानेर

## कार्यालय आदेश

श्री दयाकिशन नागर वरिष्ठ अध्यापक राउमावि गादेगाल, बून्दी का पदस्थापन सत्र 2020–21 की डीपीसी से पदौन्नति फलस्वरूप राउमावि गुढानाथावतान, बून्दी में व्याख्याता राजनीति विज्ञान के पद पर किया गया था। कार्मिक द्वारा उक्त पदौन्नति परित्याग हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/मा/संस्था/सी–6/रावि/डीपीसी/2020–21/पदो. परित्याग/1–22 दिनांक 24.03.2021 द्वारा पदौन्नति निरस्त की गई।

अपीलार्थी श्री दयाकिशन नागर द्वारा पदौन्नति पदस्थापन स्थान पर कार्यग्रहण में अभिवृदि बाबत माननीय राजस्थान सिविल सेवा अधिकरण जयपुर में अपील संख्या 1494/2021 दयाकिशन नागर बनाम राज्य सरकार व अन्य दायर की। माननीय अधीकरण ने अपने निर्णय दिनांक 15.03. 2021 में अपीलार्थी को अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत करने तथा प्रस्तुत अभ्यावेदन को विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किये है।

याचिकार्थी ने माननीय अधिकरण के निर्णय की पालना में अभ्यावेदन प्रस्तुत कर अभिकथन किया है कि पदौन्नति परित्याग का निर्णय गहनता से विचार नहीं कर जल्दबाजी में लेने के आधार पर अपने पदौन्नति पदस्थापन स्थान राउमावि गुढानाथवतान, बून्दी में कार्यग्रहण अभिवृद्वि किये जाने की परिवेदना प्रस्तुत की है।

अपीलार्थी के अभ्यावेदन का गहनता से अध्ययन व मनन किया गया और उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर पाया गया कि अपीलार्थी के स्वयं के प्रार्थना पत्र के आधार पर पदौन्नति आदेश अपीलार्थी की हद तक निरस्त किया जा चूका है। अतः पदौन्नति पदस्थापन स्थान पर कार्यग्रहण अवधि अभिवृद्वि की मांग तर्कसंगत नहीं होने के आधार पर अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन खारिज किया जाकर निस्तारित किया जाता है । सभी संबंधित पक्षकार सूचित हों ।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर
दिनांक : 24/08/2021

क्रमांकः शिविरा/माध्य/सी–6/अपील 1494/2021
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संबंधित जि.शि.अ. (माध्य–विधि)........................।
2. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
3. संबंधित कार्मिक.......................।
4. अनुभाग अधिकारी कम्प्युटर अनुभाग वेबसाईट पर अपलोड हेतु
5. गार्ड पंजिका

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर